# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| MID TERM EXAMINATION - 2022-23 | | |
|---|---|---|
| CLASS-VIII | SUBJECT- HINDI (3rd LANG.) | MAX. MARKS: 80 |
| Date:18-09-2022 | SET: ONE | Time: 2.30 hours |

***General Instructions-***

1. ***All questions are compulsory.***
2. ***The question paper consists of 19 questions divided into 4 Sections.***
3. ***There is no overall choice. However, internal choices have been provided***
4. ***This question paper consists of 4 printed pages.***

## खण्ड- क

**प्रश्न1- अर्थग्रहण संबंधी प्रश्न** **5**

**निर्देश-** दिए गए अनुच्छेद के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए|

युवा को सदा याद रखना चाहिए कि उसकी इच्छाएँ उसकी योग्यता से कहीं ज्यादा बढ़ी हुई न हों|उसे इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वह अपने बड़ों का सम्मान करे, छोटों और बराबर वालों से कोमलता का व्यव्हार करे| ये बातें मर्यादा के लिए आवश्यक हैं|यह सारा संसार,जो कुछ हम हैं और जो कुछ हमारा है - हमारा शरीर,हमारी आत्मा,हमारे कर्म,हमारे भोग, हमारे घर और बाहर की दशा,हमारे बहुत-से अवगुण और थोड़े गुण सब इसी बात की आवश्यकता प्रकट करते हैं कि हमे अपनी आत्मा को नम्र रखना चाहिए| नम्रता से मेरा अभिप्राय दब्बूपन से नहीं है जिसके कारण से व्यक्ति दूसरों का मुँह ताकता है, जिससे उसका संकल्प कमज़ोर हो जाता है और जिसके कारण आगे बढ़ने के समय भी पीछे रह जाता है| मनुष्य का बेड़ा उसके अपने हाथ में ही है, उसे चाहे वह जिधर लगाए| सच्ची आत्मा वही है, जो प्रत्येक दशा में प्रत्येक स्थिति में अपनी राह स्वयं निकलती है|

प्र-क- युवकों को सदा क्या याद रखना चाहिए?

प्र-ख- मर्यादा के लिए कौन-सी बातें आवश्यक हैं?

प्र-ग- हमारे गुण-अवगुण किस बात की आवश्यकता प्रकट करते हैं?

प्र-घ- मनुष्य का बेड़ा किसके हाथ में होता है ?

प्र-च- सच्ची आत्मा किसे कहा गया है?

## खण्ड- ख (व्याकरण)

**प्रश्न2- किन्हीं तीन शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए|** **3**

अ- पुष्प    ब- अभिलाषा    स- पथ    द- सम्राट

**प्रश्न3- किन्हीं तीन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए|** **3**

अ- चढ़ना    ब- अपना    स- राजा    द-सफल

**प्रश्न4- किन्हीं तीन शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए|** **3**

अ- देव ब- नाना स- माली द- स्वामी

**प्रश्न5- किन्हीं तीन वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए|** **3**

अ- जो अपनी बात से टले नहीं ब- जो जीता न जा सके

स- जिसकी सीमा न हो द- जिसका अंत न हो

**प्रश्न6- किन्हीं तीन उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए|** **3**

अ- उप ब- प्र स- वि द- परि

**प्रश्न7- किन्हीं तीन प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए|** **3**

अ- पन ब- ता स- ई द- दार

**प्रश्न8- किन्हीं तीन शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए|** **3**

अ- पूर्व ब- कनक स- कर द- अंक

**प्रश्न9- अधूरे वाक्यों को उचित मुहावरों द्वारा पूरा कीजिए|** **3**

(कमर कसना, आकाश-पाताल एक करना, ईद का चाँद होना)

अ- अरे सोहन! आजकल कहाँ रहते हो? तुम तो -------------------------- हो|

ब- भारतीय सैनिक हर संकट के लिए -------------------------------- रहते हैं|

स- ------------------------------------ ही हम अपने लक्ष्य तक पहुँच सकते हैं|

**प्रश्न10- दिए गए शब्दों के भाववाचक संज्ञा बनाइए|** **3**

क- मित्र ख- बच्चा ग- पढ़ना घ- शत्रु च- लड़ना छ- पराया

**प्रश्न11- दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम छाँटकर अलग कीजिए|** **3**

क- यह कविता मैंने लिखी है।

ख- मैंने उसे धोखा नहीं दिया।

ग- तुमसे कुछ काम है।

**प्रश्न12- रिक्त स्थानों में उचित कारक चिह्न भरिए|** **3**

**(को के की ने के लिए से)**

क- रामू ----- अपने बच्चों --- मिठाई खिलाई।

ख- माँ अपने बच्चे ------- दूध लेकर आई।

ग- आसमान ------  बिजली गिरती है।

घ- यह सुरेश ---- बहन है।

ङ- राहुल ------ पिता जी दिल्ली गए हैं|

**खण्ड- ग (पाठाधारित प्रश्न)**

**प्रश्न13- दिए गए प्रश्नों के विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए| 5**

क- राजा कृष्णदेव राय के दरबार में जो ब्राह्मण आए थे उनकी मातृभाषा कौन-सी थी?

अ- तमिल  ब- तेलगू  स- मलयालम  द- कन्नड़

ख- अतिथि ब्राह्मण को कहाँ ठहराया गया था?

अ- अतिथि गृह में  ब- दरबार में  स- कुटिया में  द- तेनालीरामन के घर

ग- वृक्ष फूलों से कब लड़ जाते हैं?

अ- ग्रीष्म में  ब- वर्षा में  स- शिशिर में  द- बसंत में

घ- बगीचे के पास ही कहाँ जाने का रास्ता था?

अ- नदी पर  ब- पाठशाला  स- बाज़ार  द- गाँव

ङ- बगीचे के मालिक ने बगीचे के चारों ओर क्या किया?

अ- दीवार बनवाई  ब- बाड़ लगवाई  स- पेड़ लगवाया  द- कुआँ खुदवाया

**प्रश्न14- दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए| 5**

(काँटा  आडू का  बच्चे  तीन दिन  बगीचा)

क- बच्चे बगीचे में जाकर ---------- स्वाद लेते थे|

ख- टूटी दीवार को देखकर --------- बहुत प्रसन्न हुए|

ग- एक नगर में एक -------- था|

घ- तेनालीरामन ने ब्राह्मण के पाँव में -------- चुभा दिया|

ङ- तेनालीरामन ने ब्राह्मण की मातृभाषा का पता लगाने के लिए ----- का समय माँगा|

**प्रश्न15- दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक-दो पक्तियों में लिखिए| 5**

क- राजा कृष्णदेव राय ने प्रश्नवाचक मुद्रा में किसकी तरफ देखा?

ख- विद्वान ब्राह्मण क्या कर रहे थे ?

ग- राजा कृष्णदेव राय को किस बात पर गर्व था?

घ- बच्चे अकसर बगीचे में क्यों घुस जाते थे?

ङ- पुष्प की अभिलाषा कविता के कवि का नाम लिखिए।

**प्रश्न16- किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर दो-तीन पक्तियों में लिखिए|** **10**

क- पुष्प की अभिलाषा क्या है?

ख- पुष्प अपनी राष्ट्रीय भावना किस प्रकार व्यक्त करना चाहता है?

ग- बगीचे का मालिक उदास क्यों लेटा था?

घ- बसंत ऋतु में प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन दिखाई देते हैं?

ङ- ऋतुराज बसंत की नाराजगी का क्या कारण था?

च- ब्राह्मण तेनालीरामन को गले लगाते हुए क्या बोले?

छ- ब्राह्मण ने कृष्णदेव राय से क्या बताने का आग्रह किया?

ज- अतिथि ब्राह्मण के मुख से तेनालीरामन की प्रशंसा सुनकर राजा ने क्या किया?

**प्रश्न17- किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पक्तियों में लिखिए|** **6**

क- पुष्प सम्राटों के शव पर या फिर देवों के सिर पर न चढ़ने की बात क्यों करता है?


ख- अगली बसंत के आगमन से ठीक पहले क्या हुआ?

ग- तेनालीरामन ने ब्राह्मण की मातृभाषा का पता कैसे लगाया?

घ- तेनालीरामन ने ब्राह्मण से किस बात के लिए क्षमा माँगी?

**खण्ड- घ (रचनात्मक प्रश्न)**

**प्रश्न18 - दिए गए चित्र वर्णन 30-40 शब्दों में कीजिए -** **5**



**प्रश्न19- किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए|** **6**

क- मेरा प्रिय त्योहार ख- मेरे दादा जी/ दादी जी ग- मेरा देश

---xxx---